Bharat Temples

मेरा साईं है सबका प्यारा

मेरा साईं है सबका प्यारा,
मेरा साईं है सबका सहारा,
इनकी किरपा नजरे करम
से होता है सबका उजारा,

साईं ब्रह्मा साईं है विष्णु
साईं है कृष्ण प्यारा,
साईं भोला नाथ कहाए
साईं खुदा है हमारा,

इसके हाथो में गीता कुरान है,
यही पावन है राम हमारा,
मेरा साईं है सबका प्यारा,
साईं हिरदय में सबके विराजे,

साईं है राजाओ के राजे ,
धरती पर जब पग चलते है
बजते है ढोल और बाजे,
मेरा साईं सरताज प्यारा,

इसके चरणों में गंगा की धरा,
मेरा साईं है सबका प्यारा,

साईं की आँखों में ममता भरी है,
कोई बड़ा न कोई छोटा,

बिन मांगे सब कुछ मिल जाता
क्यों करता है मन छोटा,
मेहता तू भी करले थोरी बिनती

फिर मोका मिले गा कब दोबारा,
मेरा साईं है सबका प्यारा,

Source:
https://www.bharattemples.com/mera-sai-hai-sabka-pyara-mera-sai-hai-sabka-sahara/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw